दिन– रविवार दिनांक– 12/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपना योगदान सुनिश्चित करने को कहा है। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि आने वाला समय युवाओं का है और आर्थिक क्षेत्र में भी उनका प्रमुख योगदान रहेगा। प्रधानमंत्री ने आर्थिक विशेषज्ञों के अनुमान का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले समय में देश के सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में युवाओं का बड़ा योगदान होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने देशभर के तीन हज़ार युवा नेताओं के साथ संवाद किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने प्रतिभागियों की ओर से दस विषयों पर लिखे गए उत्कृष्ट निबंधों के एक संकलन का विमोचन भी किया। इनमें प्रौद्योगिकी, स्थिरता, महिला सशक्तिकरण, विनिर्माण और कृषि जैसे विषय शामिल हैं। विकसित भारत संवाद, युवाओं को देश के भविष्य के बारे में अपने विचारों से, नीति–निर्माताओं और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय विभूतियों को सीधे अवगत कराने का अवसर प्रदान करता है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के दौरान मधुबनी जिले के खुटौना प्रखंड के दुर्गीपट्टी में एक हजार करोड़ से अधिक की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने यहां आंगनवाड़ी केन्द्र, महादलित दालान, हर घर नल का जल और सोलर स्ट्रीट लाईट सहित विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। श्री कुमार ने पुरानी कमलाधार, जीवछ नदी और पुरानी कमला नदी को पुनर्जिवित करने और इससे सिंचाई की सुविधा बढ़ाने की योजना का भी लोकार्पण किया। इससे मधुबनी जिले के खजौली, मधुबनी, राजनगर और रहिका के साथ दरभंगा जिला के केवटी, बेनीपुर, बिरौल और कुशेश्वरस्थान प्रखंडों को लाभ पहुंचेगा। इस योजना से लगभग एक हजार हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। ग्रामीण इलाकों में जल की उपलब्धता बढने से मखाना, सिंघाड़ा और मछली

के पैदावार में बढ़ोत्तरी होगी। मुख्यमंत्री ने मधुबनी जिले के अररिया संग्राम में रिवर फ्रंट का भी उद्घाटन किया।

———————————————————————————

आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। हर वर्ष बारह जनवरी को महान आध्यात्मिक गुरू, दार्शनिक और चिंतक स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रपति, उप–राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने सनातन संस्कृति और भारतीय अध्यात्म को वैश्विक पटल पर स्थापित किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि सकारात्मकता और नई ऊर्जा से भरी हुई युवा पीढ़ी बिहार को विकास के पथ पर आगे ले जायेगी।

———————————————————————————

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज एक देश–एक चुनाव के संबंध में परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि एक देश–एक चुनाव से खर्च में काफी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश के हित में है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————————

प्रदेश में पछुआ हवा का प्रभाव कम होने के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे लोगों को भीषण ठंड से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों के अधिकांश जिलों में सुबह के समय घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। जबकि प्रदेश के शेष भागों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहेगा।

———————————————————————————

समाप्त